<u>श्री शारदा कुमार होता का संक्षिप्त प्रोफाइल</u>

श्री शारदा कुमार होता को बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(i) के अनुसार शेयरधारक निदेशक के रूप में चुना गया है.

58 वर्षीय, श्री शारदा कुमार होता कृषि में स्नातकोत्तर हैं. उन्हें 37 वर्षों से अधिक का अनुभव है जिसमें से उन्होंने 26 वर्षों तक देश के सभी भौगोलिक क्षेत्रों में ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से लेकर मेट्रो शाखाओं तक वाणिज्यिक बैंकिंग में काम किया है.

उन्हें बोर्ड स्तर पर 08 वर्षों का अनुभव है (03 वर्ष कैन-फिन-होम्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ के रूप में एवं 05 वर्ष राष्ट्रीय आवास बोर्ड के प्रबंध निदेशक के रूप में).

उन्होंने केनरा बैंक में विभिन्न स्थानों पर मानव संसाधन, कार्यनीतिक व्यवसाय नियोजन एवं लाभ नियोजन के विभिन्न पदों पर कार्य किया है.

वह भारतीय रिजर्व बैंक के अंतर नियामक फोरम (आईआरएफ) के सदस्य, रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) की केंद्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य तथा अवरूद्ध परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों की जांच हेतु भारत सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्य भी रह चुके हैं.

****